नईदुनिया



# विभिन्न देशों के विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान भारत की शिक्षा और संस्कृति की सराहना

## कई देशों के विद्यार्थियों को उपाधियों से सम्मानित किया, शिक्षा को वैश्विक जिम्मेदारी से जोड़ा गया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी स्थित रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों का तृतीय दीक्षांत समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न देशों से आए विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-उन्नत पदार्थ एवं प्रक्रम अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. थल्लाडा भास्कर रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद कुलपति प्रो. रवि प्रकाश दुबे ने विद्यार्थियों को समाज, राष्ट्र और मानवता के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। समारोह में विभिन्न देशों से आए विद्यार्थियों ने भारत में अध्ययन के अपने अनुभव साझा किए और भारतीय संस्कृति, शिक्षा व्यवस्था तथा विश्वविद्यालय द्वारा मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित एवं समावेशी वातावरण तथा उत्कृष्ट शैक्षणिक सुविधाओं की सराहना की।

मुख्य अतिथि डॉ. थल्लाडा भास्कर ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल उपाधि प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदार और संवेदनशील वैश्विक नागरिक बनना है। उन्होंने कहा कि भारत में अध्ययन के दौरान विद्यार्थियों ने यहां की संस्कृति, परंपराओं, जीवन मूल्यों और वैज्ञानिक सोच को निकट से समझा है। अपने देशों में लौटने के बाद वे भारत की संस्कृति और शिक्षा के दूत के रूप में इन अनुभवों को आगे बढ़ाएंगे।

कुलाधिपति संतोष चौबे ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा मनुष्य को केवल ज्ञान नहीं देती, बल्कि उसे नए विचारों और अवसरों को स्वीकार करने की क्षमता भी प्रदान करती है। प्रो-कुलाधिपति डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति में चिंतन, विश्लेषण और मानवीय मूल्यों को विकसित करती है तथा युवाओं को सही दिशा चुनने की क्षमता प्रदान करती है। कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करने के साथ भारतीय संस्कृति और नेतृत्व के मूल्य भी प्रदान कर रहा है।

समारोह में एक विद्यार्थी को स्वर्ण पदक, चार विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर तथा 12 विद्यार्थियों को स्नातक उपाधि प्रदान की गई। ये विद्यार्थी नाइजीरिया, जिम्बाब्वे, लाइबेरिया, युगांडा, सूडान, गांबिया और टोगो सहित विभिन्न देशों से हैं।

अंतरराष्ट्रीय प्रभाग की अधिष्ठाता प्रो. ऋतु कुमारन ने बताया कि विश्वविद्यालय में वर्तमान में 15 देशों के 120 अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उनके लिए शैक्षणिक, सांस्कृतिक और व्यक्तिगत सहयोग के साथ भारतीय शिक्षा प्रणाली एवं संस्कृति से परिचित कराने हेतु विशेष अभिमुखीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

# टीटीई की सतर्कता से बिछड़ी मासूम बच्ची सुरक्षित परिजनों से मिली

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में कार्यरत भोपाल चेकिंग स्टाफ (टीटीई) साकिब खान की सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता एवं मानवीय संवेदनशीलता के कारण एक बिछड़ी हुई मासूम बच्ची को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाने में सफलता मिली।

गाड़ी संख्या 11408 लखनऊ-पुणे एक्सप्रेस के इटारसी से प्रस्थान करने के कुछ समय बाद एस-9 कोच की बर्थ संख्या 73 पर यात्रा कर रहे एक यात्री ने टीटीई साकिब खान को सूचना दी कि उनकी छोटी बच्ची ट्रेन में नहीं है। सूचना मिलते ही श्री खान ने बिना विलंब किए वाणिज्य नियंत्रण (कमर्शियल कंट्रोल) को घटना से अवगत कराया और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कराई। कुछ ही देर बाद कमर्शियल कंट्रोल से सूचना प्राप्त हुई कि इटारसी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को एक मासूम बच्ची सुरक्षित अवस्था में मिली है। साकिब खान ने तत्काल जीआरपी इटारसी से संपर्क स्थापित कर यात्री द्वारा बच्ची की पहचान कराई, जिससे पुष्टि हुई कि वह बच्ची उसी यात्री की है।

इसके बाद श्री खान ने आवश्यक मेमो जारी कर हरदा स्टेशन पर ट्रेन रुकवाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। हरदा स्टेशन पर बच्ची के पिता को सुरक्षित उतारा गया, जहां से वे गोरखपुर जाने वाली ट्रेन द्वारा इटारसी पहुंचे और अपनी बच्ची को सकुशल प्राप्त किया। टीटीई श्री खान की सूझबूझ, तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता की यात्रियों तथा सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने सराहना की। यह घटना सेवा के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## डीएनए रिपोर्ट मात्र से सजा नहींः हाईकोर्ट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पॉक्सो अधिनियम से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा है कि यदि पीड़िता की जन्मतिथि दस्तावेजों से स्पष्ट और संतोषजनक रूप से सिद्ध नहीं होती, तो सकारात्मक डीएनए रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

# 97 वर्षीय शिक्षाविद् माहेश्वरी का एम्स में देहदान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल निवासी 97 वर्षीय प्रतिष्ठित शिक्षाविद् स्वर्गीय राजेश्वर प्रसाद माहेश्वरी का देहदान शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल में संपन्न हुआ। उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व स्वयं की इच्छा से देहदान का संकल्प लिया था, जिसे उनके पुत्र विपिन कुमार माहेश्वरी तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने पूरा किया।



मध्य प्रदेश शासन के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार देहदाता को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके बाद पूरे सम्मान के साथ उनका पार्थिव शरीर एम्स भोपाल लाया गया, जहां संस्थान परिवार ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस प्रेरणादायी निर्णय के लिए परिजनों का आभार व्यक्त किया।

राजेश्वर प्रसाद माहेश्वरी ने चार दशकों से अधिक समय तक शिक्षा जगत की सेवा की। वे दिल्ली विश्वविद्यालय में प्राध्यापक रहे तथा श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्राचार्य के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने कानून और लेखाशास्त्र विषयों पर 50 से अधिक पुस्तकों का लेखन किया। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने लगभग 20 वर्षों तक जगन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, दिल्ली के निदेशक के रूप में सेवाएं दीं। शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें अनेक सम्मान प्राप्त हुए।

एम्स भोपाल प्रशासन ने कहा कि देहदान चिकित्सा शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। चिकित्सा विद्यार्थी देहदाता के माध्यम से मानव शरीर की संरचना और उपचार संबंधी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, जिससे वे भविष्य में बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं दे सकें। संस्थान प्रत्येक देहदाता को 'सर्वोच्च शिक्षक' का सम्मान देता है।


**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश**
**जिला कार्यालय भोपाल (म.प्र.)**
**क्रमांक BPLLP15062655840/ दिनांक / 04/JUL/2026**

**क्रं. 2025** **दिनांक 30/JUN/2026**

**म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (Shanti Bai)-Shanti Bai W/o Late Sukhlal Deshwali द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है:-

(क) परियोजना का नामः-RK HOTEL

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम Bawadiya Kalan तहसील Kolar व जिला Bhopal की भूमि सर्वे क्रमांक/खसरा क्रमांक 147/6/2 (S) कुल रकबा 0.352 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, HOTEL विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजनः-RESIDENTIAL, HOTEL

(घ) स्वीकृति क्रमांक BPLLP06062410708 दिनांक 2024-07-15

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=Ee5s9YMma12050 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin. aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
जिला भोपाल (म.प्र.)



**आम सूचना**

मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी 1. भोपाल की ओर से सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती लता माली पत्नी श्री राजकुमार माली द्वारा, उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता आवासीय मकान जो भूखण्ड नं. एम.आई. 115, पर निर्मित है, उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 73.80 वर्गमीटर है, जो हाउसिंग बार्ड कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर, वार्ड नं. 78, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है एवं जिसकी चतुर्थ सीमाएं पूरब में- म.नं. एम. 114, पश्चिम में म.नं. एम.116, उत्तर में 6 मी. चौड़ा रोड़, एवं दक्षिण में बाउण्ड्री वॉल, को साम्यिक बंधक किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संपत्ति श्रीमती लता माली पत्नी श्री राजकुमार माली द्वारा श्रीमती नेहा श्रीवास्तव पत्नी सौरंग श्रीवास्तव से क्रय की गई है, जिसके विक्रय-पत्र का पंजीयन दिनांक 31.03.2026 ई-पंजीयन क्रमांक. MP43IGR16022026A100421709 पर विधिवत पंजीबद्ध है। उक्त सम्पत्ति के संबंधित वेन टाइटल डीड, लीज एग्रीमेंट, दिनांक 17.11.1998 का अंतिम पृष्ठ कहीं गुम हो जाने के कारण श्रीमती लता माली के पास उपलब्ध नहीं है, जिसके संबंध में उनके द्वारा पुलिस थाना निशातपुरा, जिला भोपाल में प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 03/07/2026 को दर्ज कराई गई है, उक्त खो गये मूल लीज-एग्रीमेंट दिनांक 17.11.1998 के अंतिम पृष्ठ का कोई दुरुपयोग न हो, इसलिये इस सूचना का प्रकाशन भी किया जा रहा है। मेरे पक्षकार बैंक में उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर साम्यिक बंधक किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अर्धशासकीय निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई भार या ऋण हो या किसी अन्य व्यक्ति के हित निहित हो या कोई विवाद या ऋण हो या उक्त मूल लीज एग्रीमेंट दिनांक 17.11.1998 का अंतिम पृष्ठ, किसी भी व्यक्ति को मिले या किसी के पास हो तो मेरे पक्षकार बैंक में प्रस्तुत करें एवं इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवरा के अन्दर समस्त दस्तावेजी साक्ष्य के साथ मेरे कार्यालय (कार्यालयीन समय सांय 6 बजे से रात्रि 8 बजे) में आपत्ति दर्ज कराये, अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज की सत्य प्रतिलिपि एवं शेष अन्य मूल दस्तावेजों के आधार पर बंधक कर ऋण प्रदान कर सकेगा। निर्धारित समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और तत्संबंध में मेरा पक्षकार न्यायसंगत कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा।

**धर्मेन्द्र सिंह, अधिवक्ता**
**आफिस-आई. 26, वर्धमान ग्रीन पार्क कालोनी, अशोका गार्डेन, भोपाल, मो 9827452301**

802



**कार्यालय प.ह.न.-38, मुख्यालय सेवनियाँ ओंकारा, रा.नि.मं.-04 बिलखिरिया, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.)**

रा.प्र.क्र. 0271/अ-12/2026-27
ग्राम का नाम-अरेडी
प.ह.नं. 38, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल

**सूचना-पत्र**

**प्रति,** 1. श्रीमति जयंती नागा पत्नी प्रदीप नागा नि. 53 रचना नगर भोपाल, 2. प्रीतांशु विश्वास पिता स्वसप्रमोद रंजन विश्वा पता बाग मुगलिया एक्सटेनशन लाहरपुर भोपाल, 3. महाराज सिंह पुत्र स्व. श्री रामदयाल सिंह पता 59 सूखी सेवनिया विदिशा रोड़ भोपाल, 4. मेसर्स सत्यम वेंचर्स द्वारा पार्टनर्स राजीव शर्मा आत्मज राम निवास शर्मा एवं राजेश सीतलानी आत्मज मोहन दास सीतलानी पता भूतल 52 प्रभातम प्लाजा रायसेन रोड़ भोपाल, 5. मेसर्स श्री महावीर बिल्डर्स द्वारा भागीदारगण पुनीत कुमार जैन आत्मज निर्मल जैन एवं नितीन कुमार गुप्ता आत्मज सुभाष चंद्र गुप्ता पता-एफ 01 फर्स्ट फ्लोर अरिहन्त कॉम्पलेक्स महोली भोपाल, 6. श्रीमती प्रेमलता जैन पत्नी जितेन्द्र कुमार जैन पता-बी-69 अलकापुरी भोपाल, 7. श्रीमति गायत्री गौर पत्नी जयनारायण पता 33/ए, अयोध्या बायपास रोड आजाद नगर भोपाल, 8. श्रीमती कुलवन्त कौर पत्नी जोगेन्द्र सिंह पता 83/1 पुराना अशोका गार्डन भोपाल, 9. सतवंत सिंह बग्गा पुत्र सुरजीत सिंह सुरजीत सिंह पुत्र जीवन सिंह पता पद्मनाभ नगर भोपाल,10. श्रीमती गुरप्रीत कौर पत्नी स्व. प्रितपाल सिंह पता बी-49, रायसेन रोड पद्मनाभ नगर भोपाल,11. गोकुल पुत्र दयालाल पता भोपाल,12. धर्मचंद खाम्बरा पुत्र किशन चंद खाम्बरा पता-एम.आई.जी. 32 रत्नागिरी भोपाल,13. श्रीमती शालनी तारण पत्नी विजय तारण पता-25 रायसेन रोड कल्पना नगर कालोनी भोपाल, 14. श्रीमती सुषमा जैन पत्नी श्री अजय जैन पता भोपाल, 15. श्रीमती नीलम जैन पत्नी सुधीर जैन पता-ई 3/217 अरेरा कालोनी भोपाल, 16. श्रीमती सुषमा जैन पत्नी अजय जैन पता भोपाल, 17. मदन सिंह पुत्र भवानी सिंह नि. ग्राम अरेडी भोपाल, 18. चंद्र भान तिवारी पुत्र सी वी तिवारी नि. भोपाल, 19. ग्राम कोटवार एवं समस्त हितबद्ध पक्षकार। **विषय**- भूमि का सीमांकन करने बाबत। **एतद द्वारा** सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति जयंती नागा पत्नी प्रदीप नागा नि. 53 रचना नगर भोपाल (म.प्र.) द्वारा ग्राम अरेडी, प.ह.नं. 38, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा नंबर- 35, 41, 42, 44, 45, 509/41 रकबा क्रमशः 0.600, 0.1400, 1.2600, 0.1400, 0.2500, 0.1200 हे., कुल किता- 06, कुल रकबा 2.3900 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन दि. 6/7/26 को समय प्रातः 11:30 बजे से स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो, नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। आज दि. 01.07/26 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **नोट**- अपरिहार्य कार्य की वजह से तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा।

**प.ह.न. 38, मुख्यालय सेवनियाँ ओंकारा, रा.नि.मं.-04 बिलखिरिया, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.)**

801


## सूडोकु नवताल- 7831

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7830 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |


## काकुरो पहेली - 7504




Jagrutidaur.com, Bangalore

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 7503 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8901




**बाएँ से दाएँ**

1. ईसा मसीह-3
3. जवान, तरुण-3
5. आकाश, व्योम-2
6. परत, अस्तर-2
8. गर्जना, दहाड़ना-4
11. मदद, आराम-3
13. सुगंध, खुशबू-3
14. धूल, मिट्टी-2
15. छत्तीसगढ़ की राजधानी-2
16. पिता, आविष्कारक-3
18. नस्ल, जाति, प्रजाति-3
20. ओस, रजनीजल-4
23. भीगा हुआ-2
25. बल, ताकत, दम-2
26. तेल या घी में पकाना -3
27. मसाज-3

**ऊपर से नीचे**


1. रसना, जिव्हा-2
2. सचेत, सावधान-3
3. जरूरत, आवश्यकता-3
4. ऋतु, मौसम-2
5. दृश्य, तमाशा-3
7. कंठ, गला-3
9. रीती, रिवाज-2
10. प्रसिद्ध, नामवर-4
12. तीर रखने का पात्र-4
16. भूमि, धरा-3
17. खदान, माईन-2
19. तरंग, हिलोर-3
21. प्रवाहित करना-3
22. भीड़, समूह-3
24. राय, वोट-2
25. उत्साह, ललक-2

### शब्द पहेली -8900 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7343



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 7342

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | मो | शी | | आ | प | की | क | स | म |
| की | | शा | दी | | ड़ो | | भी | | स्त |
| | आ | | वा | प | स | | ना | | |
| प | ह | चा | न | | न | या | क | द | म |
| रा | | | गी | ता | | | भी | | ड |
| या | रा | ना | | ज | मा | ना | | स | र |
| ध | | य | ति | म | | | रा | नी | |
| न | म | क | | ह | म | रा | ज | | फ |
| | र्या | | | ल | | जे | | | रा |
| अ | दा | ल | त | | इं | द्र | कु | मा | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 7437

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 6 | 4 |
| | 29 | | 37 | 2 | 31 | |
| 4 | 3 | 7 | | 6 | | 5 |
| | 29 | | 33 | | 37 | |
| 6 | | 2 | | 7 | 4 | 3 |
| | 33 | 4 | 31 | | 30 | |
| 7 | 6 | | | 1 | 3 | 2 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7436 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 6 |
| 1 | 30 | 2 | 36 | 6 | 32 | 3 |
| 5 | 2 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 |
| 6 | 38 | 4 | 34 | 1 | 26 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 7 | 31 | 3 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 8457

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क | प्र | ग | बै | शी | ल | ब | ना | क | म |
| ती | ल | ती | ति | रा | क | क्रां | ति | ग | कृ | धु |
| क्षा | ज | दि | त | ग | ल | प्र | छ | ति | आ | म |
| ख | क | क | या | ज | रा | पु | मि | ल | न | ति |
| प | जो | क | का | द | ग | म | अ | प्र | तू | ग |
| झ | क | ग | प्र | ल | र्द | ह | औ | पू | ना | ण |
| घ | को | ती | न | षी | म | लि | जा | र | व | क |
| दे | व | दा | स | तै | ई | धा | या | क | श्या | लो |
| श | प | श | बा | हि | प्र | ई | क | प्र | री | म |
| प | जा | ही | र | न | या | दौ | र | र्त | ऐ | ता |
| प | प्र | द | क | प्र | प्र | है | या | रा | बा | प्र |

शब्द जाल में दिलीप कुमार की 10 फिल्मों नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

मिलन, नया दौर, जोगन, शहीद, देवदास, मधुमति, दिल दिया दर्द लिया, राम और श्याम, बैराग, क्रांति.

### शब्दजाल - 8456 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore